हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 24 जुलाई 2025

06 10 अनुबंधित डॉक्टरों में से सिर्फ पांच ने ही ली ...



10 एक सप्ताह पहले हुई चोरी का खुलासा आरोपी को ...





### खबर संक्षेप

## बोलेरो में तोड़फोड़ के आरोपियों को पुलिस ने लिया हिरासत में



**माखननगर।** मंगलवार को भारतीय स्टेट बैंक कृषि विकास शाखा के सामने दो युवकों ने बोलेरो गाड़ी में खुलेआम तोड़फोड़ मचाई युवक हाथ में कुल्हाड़ी लिए बोलेरो की छत पर चढ़ गया और उसने एवं उसके साथी ने पत्थर से गाड़ी के कांच फोड़ दिए तीसरा युवक उनकी इस बहादुरी का वीडियो बना रहा था वीडियो वायरल होते ही पुलिस एक्शन में आई और आरोपियों की पहचान करने में जुट गई। सोमवार को दोनों आरोपी नीमसाडिया निवासी राहुल कीर और उसके भाई को अपनी अभिरक्षा मे लेकर कार्रवाई कर रही है घटना की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी मदन पवार ने बताया कुछ दिन पहले बोलेरो के ड्राइवर ने आरोपियों की मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी थी इस बात को लेकर बोलेरो में तोड़फोड़ की है टी आई पवार ने बताया इन पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

### नर्मदापुरम-हरदा मार्ग बंद, हथेड़ नदी के पुल पर पानी

# 6 दिन के इंतजार के बाद फिर बारिश का दौर शुरू, 4 घंटे में 6 इंच बारिश दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम जिले में छह दिन के बाद बुधवार सुबह बारिश का दौर शुरू हुआ। इटारसी के जमानी क्षेत्र में सुबह 7 से 11 बजे तक 4 घंटे में करीब 5-6 इंच बारिश दर्ज की गई। खर्रा नदी उफान पर है, जिससे चार गांव प्रभावित हुए हैं। जमानी गांव टापू में तब्दील हो गया। सेमरी खुर्द, खटामा और रोहना में भी लोगों के घरों में पानी घुस गया है। खर्रा नदी का पानी पुल के ऊपर से बह रहा है, जिससे इटारसी-सिवनी मालवा मार्ग कुछ घंटे बंद रहा। डोलरिया में हथेड़ नदी के पुल पर पानी आने से नर्मदापुरम-हरदा स्टेट हाईवे पर आवाजाही बंद कर दी गई। सेमरी खुर्द के सरकारी छात्रावास के मैदान में भी पानी भर गया। हालात



बिगड़ने से पहले ही स्टूडेंट्स अपना सामान लेकर पास के ही सरकारी स्कूल में शिफ्ट हो गए। जमानी सब स्टेशन परिसर में भी करीब 4 फीट और पैनल कक्ष में 2 फीट तक पानी भर गया। स्थिति बिगड़ती देख वहां ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी पानी के बीच से निकलकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचे।

जमानी गांव के ग्रामीणों ने बताया कि आज सुबह से काफी तेज भारी बारिश हुई है, जिसने तबाही मचाई है। खेतों में फसल खराब हुई। लोगों के घरों में पानी भरा गया। पानी से सड़क उखड़ गई। बिजली सब स्टेशन के पास पुल के नीचे मिट्टी बह गई, जिससे रोड धंसने की आशंका है। प्रशासन को यहां पुख्ता इंतजाम करना चाहिए, ताकि कोई दुर्घटना न हो। वहीं, किसान ने बताया कि हमारी फसल बह गई। बारिश के कारण इटारसी के रेस्टहाउस एवं शहर में रोड पर दो से तीन फिट तक पानी भरा हुआ है। इटारसी शहर से लगे ग्रामीण क्षेत्रों में रोहाना, खटामा, जमानी में नाले एवं नदी उफान पर आने से घरों में पानी भर गया है।



### बारिश की चेतावनी

मौसम विभाग ने 22 से 27 जुलाई तक लगातार बारिश की संभावना जताई है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. पीके रैकवार के मुताबिक, 23 और 26 जुलाई को भारी बारिश हो सकती है। बंगाल की खाड़ी से बने कम दबाव और ट्रफ लाइन के प्रभाव के साथ छत्तीसगढ़ की ओर से ऊपरी हवा का चक्रवात सक्रिय हो रहा है, जिससे अगले पांच दिन तक बारिश की स्थिति बनी रहेगी।

### खुल सकते हैं तवा डैम के गेट

बुधवार सुबह 8 बजे तवा डैम का जलस्तर 1157.50 फीट पहुंच गया, जो गवर्निंग लेवल से सिर्फ आधा फीट कम है। पचमढ़ी और बैतूल में भी बारिश जारी है, जिससे बुधवार रात या गुरुवार को डैम के गेट खोले जा सकते हैं। बीते छह दिन बारिश बंद रहने से दिन में तापमान 35 डिग्री तक पहुंच गया था और लोग उमस से परेशान थे। मंगलवार को हल्की बारिश हुई थी, जबकि बुधवार को सुबह से लगातार रुक-रुककर तेज बारिश हो रही है जिसके कारण तवा डैम के गेट खुलने की संभावना है।

## असमंजस की स्थिति में मूंग खरीदी स्थगित, गोदाम भर जाने के कारण आज भी नहीं हो सकी मूंग खरीदी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद

कृषि उपज मंडी स्थित मूंग खरीदी केंद्र पर अव्यवस्थाओं के चलते आज भी खरीदी केंद्र पर किसानों की मूंग नहीं खरीदी गई। ज्ञात हो कि सेमरी हरचंद में कृषि उपज मंडी स्थित मूंग खरीदी केंद्र पर गोदाम पूरा भर जाने पर मंगलवार से ही मूंगखरीदी बंद है और सैकड़ो की संख्या में मूंग से भरे ट्रैक्टर ट्राली कृषि उपज मंडी के अंदर मंडी गेटसे मूंग खरीदी केंद्र तक एवं कल के अधिकारियों के मूंग खरीदी करने के आश्वासन पर किसानों ने टीन शेड के किनारे अपनी मूंग से भरी ट्रालियां लगाकर दिनभर मूंग खरीदी की राह देखते रहे। वही मंडी गेट से लगभग 1 किलोमीटर दूर तक मूंग से भरी ट्रॉलियां तीन-चार दिन से लाइन से खड़ी है जिन किसानों की स्लाइड बुक है वे अपनी मूंग की फसल तोले जाने का इंतजार कर रहे हैं ।

इधर सेमरी हरचंद स्थित मूंग खरीदी केंद्र पर 7500 क्विंटल मूंग खरीदी की क्षमता थी जिसके अनुसार मूंग की फसल की खरीदी हो चुकी है परंतु अब जिन किसानों की स्लाइड बुक है उन किसानों का क्या होगा यह शासन पर निर्भर है कृषि विकास अधिकारी सोहागपुर एस के बर्डे से पूछने पर उन्होंने बताया कि जिन किसानों की स्लाइड खत्म हो रही हैं उनकी मूंग खरीदी जा रही है उसके पश्चात शासन के जो निर्देश प्राप्त होंगे उनका पालन किया जाएगा ।

## समिति की बैठक में साइबर सुरक्षा पर हुई चर्चा : नारोलिया




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

संसद भवन स्थित संसदीय अनुसंधान एवं प्रलेखन सेवा (एनेक्सी) में बुधवार को लगातार दूसरे दिन भारत सरकार की स्थायी समिति महिला सशक्तिकरण की बैठक संपन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता समिति की अध्यक्ष डॉ. डग्गुबाती पुरंदेश्वरी ने की। बैठक में राज्यसभा सांसद माया नारोलिया बतौर सदस्य उपस्थित रहीं। बैठक के दौरान 'साइबर अपराध' और 'महिलाओं की साइबर सुरक्षा' जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। इस चर्चा में गृह मंत्रालय तथा इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के प्रतिनिधि शामिल हुए। सांसद नारोलिया ने महिलाओं के प्रति ऑनलाइन अपराधों पर चिंता व्यक्त करते हुए, साइबर सुरक्षा को और मजबूत बनाए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया। समिति ने संबंधित मंत्रालयों से ठोस कदम उठाने की सिफारिश की।

### उत्पात मचाने वाले चाकूबाज का निकाला जुलूस भेजा जेल

**माखननगर।** 20 जुलाई को भटवाड़ा के अरबाज खान को गांव के ही सोहेल खान ने चाकू मारकर घायल कर दिया था जिसका प्रकरण माखननगर थाने दर्ज है एवं फरियादी का नर्मदापुरम जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है आरोपी सोहेल ने अस्पताल में पहुंचकर पहुंचकर उत्पाद मचाया और फरियादी पर समझौते के लिए दबाव दिया जिसका प्रकरण कोतवाली नर्मदापुरम में दर्ज है। टीआई मदन पवार ने बताया वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में पुलिस टीम गठित कर सोहेल को गिरफ्तार किया और जुलूस निकालकर तहसील न्यायालय पेश किया जहां से वारंट मिलने के बाद उसे जेल भेज दिया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में पुलिस लगातार सटोरियों और जुआड़ी की धर पकड़ कर रही है बुधवार को सिरवाड़ रोड पर रामकिशोर कीर पिता तुलसीराम कीर निवासी सुआ खेड़ी को सट्टा लिखते हुए पकड़ा है।

### नारी शक्ति का सशक्त मिलन

## दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मिलीं माया नारोलिया



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

देश की राजधानी दिल्ली स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय में बुधवार को मध्यप्रदेश से राज्यसभा सांसद एवं भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष माया नारोलिया ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से सौजन्य भेंट की।

इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री से आशीर्वाद प्राप्त किया और विभिन्न सामाजिक व महिला-सशक्तीकरण संबंधी विषयों पर विचार-विमर्श किया। माया नारोलिया ने बताया कि पूर्व की भांति इस बार भी रेखा दीदी का आत्मीय स्नेह, मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त हुआ, जो भविष्य की प्रेरणा बनेगा। भेंट के दौरान दिल्ली सरकार के पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा, विकास नारोलिया का भी सानिध्य सभी को मिला।

## चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर विराट काव्य महोत्सव व सम्मान समारोह संपन्न

### शाम तक कवियों ने बांधा समां, श्रोता हुए भाव विभोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




चन्द्रशेखर आजाद जयंती के अवसर पर विराट काव्य महोत्सव का आयोजन नर्मदा आव्हान सेवा समिति व्दारा आचार्य पं. सोमेश परसाई के मुख्य आतिथ्य व वरिष्ठ साहित्यकार नित्य गोपाल कटारे की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस दौरान विशिष्ट अतिथियों के रूप में नर्मदा पुरम नगर पालिका अध्यक्ष नीतू यादव शंकर बटोही नपा सभापति, पार्षद निर्मला राय की उपस्थिति रही। सर्वप्रथम माता सरस्वती जी का पूजन कर दीप प्रज्वलित कर आयोजन का शुभारंभ किया गया। नर्मदा आव्हान सेवा समिति के संस्थापक एवं आयोजन प्रमुख केप्टिन किशोर करैया तथा हंस राय ने सभी मंचासीन अतिथियों का शाल श्रीफल एवं पुष्पहार द्वारा अभिनंदन किया। तत्पश्चात स्वागत भाषण में कैप्टन किशोर करैया ने संस्था की उपलब्धियों तथा उद्देश्य से परिचित कराया। इस अवसर मुख्य अतिथि आचार्य पं. सोमेश परसाई ने कहा की चिंता चिता की ओर ले जाती है। जबकि चिंतन ईश्वर की ओर ले जाता है। तथा कवि चिंतन करते हुए धरा पर ईश्वरीय शक्तियों से हमारा साक्षात्कार कराते हैं,अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। महोत्सव के प्रथम सत्र का मंच संचालन कवि अमित बिल्लौरे ने किया। छिंदवाड़ा से आये मनीष तारण की सरस्वती वंदना से कवि सम्मेलन प्रारंभ होकर कवि सम्मेलन देर शाम तक जारी रहा। देश के विभिन्न अंचलों से आए 45 से अधिक कवियों ने अपनी कविता,गीत, गजल, ओज, हास्य, व्यंग्य की रचनाओं से भाव विभोर कर दिया।

### वाइल्ड लाइफ प्रोटक्शन एक्ट के तहत मामला हुआ दर्ज

## सतपुड़ा टाइगर रिजर्व कोर एरिया में अवैध मत्स्याखेट करते युवाओं पर प्रकरण दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के कोर एरिया में सोमवार रात अवैध रूप से मछली पकड़ने पहुंचे युवाओं पर प्रकरण दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय है कि आरोपी युवा वे ही हैं जिन्होंने गत दिवस बाघ के हमले से अपने साथी की जान बचाई थी। जानकारी अनुसार ग्राम टेकापार निवासी युवकों हरिओम बारस्कर और रंजीत चौहान



ने सोमवार व मंगलवार की दरमियानी रात राजेंद्र गज्जाम को बाघ के हमले से बचाया था। मामले में सतपुड़ा टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने वाइल्ड लाइफ प्रोटेक्शन एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व उप संचालक अंकित जामोद ने बुधवार को बताया कि युवा सोमवार रात तवा डैम के बैक वॉटर से होते हुए कोर क्षेत्र में मछली मारने पहुंचे थे। इस दौरान एक युवक पर टाइगर ने हमला कर दिया था। तब जाकर यह मामला प्रकाश में आया। मामले में दो युवकों रंजीत तथा हरिओम पर प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया है।

## अधिकारियों ने किया प्रधानमंत्री आवासों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर जपं की ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री आवासों की प्रगति का मंगलवार को निरीक्षण किया गया है। अधिकारियों ने निरीक्षण कर ग्रापं सचिव को जरूरी निर्देश दिए हैं। जानकारी अनुसार पीएम आवास योजना ब्लॉक कोऑर्डिनेटर ऋषि पटेल व इंजीनियर सोना पगारे ने सबसे पहले ग्रापं माछा में आवासों का निरीक्षण किया। इस दौरान सरपंच सुरमणी ठाकुर व सचिव मंगल सिंह ठाकुर भी उपस्थित थे। अधिकारियों ने ग्रापं सचिव तथा हितग्राहियों को समझाइश दी कि आवास का काम समय पर पूरा करें। इसके अलावा ग्राम पंचायत सचिव को सतत रूप से योजना के कार्यों की निगरानी करने के निर्देश दिए गए हैं।

### फटकार भी, समझाइश भी

हरिभूमि संवाददाता ने मंगलवार दोपहर इंजीनियर सोना पगारे से चर्चा की। पगारे ने बताया कि उन्होंने माछा, अजेरा व चांदीखेड़ी का भ्रमण किया, जहां अधिकतर आवासों की पहली या दूसरी किश्त मिल चुकी है, लेकिन आवास अधूरे हैं। पगारे ने सचिवों व हितग्राहियों को फटकार भी है और समझाया भी है। सूत्र बताते हैं कि ग्रापं सचिव तो सीईओ स्तर के अधिकारी की ही नहीं सुन रहे हैं तो वे इंजीनियर की बात क्या सुनेंगे। इस स्थिति में जिला प्रशासन के समक्ष आवास लक्ष्य की समय पर पूर्ती कठिन ही रहने वाली है।

## नशे से दूरी है जरूरी अभियान में दिया गया नशामुक्ति का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत सोहागपुर पुलिस द्वारा विवेकानंद स्कूल में बुधवार को आयोजन किया गया। इस दौरान टीआई उषा मराठी ने विद्यार्थियों को नशे से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शा सिर्फ एक बुरी आदत ही नहीं है, बल्कि यह हमारी सोच, संस्कृति और संस्कारों को गहराई से आघात पहुंचाता है। अतः इससे दूर रहें। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे अपने परिवार में व समाज में लोगों को इस बात के लिए जागरुक करें कि नशे से दूरी बनाकर रखें।

### शहर की गंदगी पर नगरपालिका के खिलाफ हुई सभापति, लगाए गंभीर आरोप

## स्वच्छता सिर्फ कागजों तक, असलियत में कचरे के ढेर पर इटारसी: सभापति

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

स्वच्छता के मामले में प्रदेश में टॉप 5 में आने वाली नगरपालिका इटारसी की पोल खुद परिषद की सभापति अमृता मनीष ठाकुर ने खोल दी है। नपा चाहे जितना स्वच्छता का दंभ भरे लेकिन सभापति अमृता ठाकुर के आरोपों ने उसे सवालों के घेरे में खड़ा कर दिया है। सभापति ने कढ़े शब्दों में आरोप लगाया है कि स्वच्छता सिर्फ कागजों तक सीमित है असलियत में शहर कचरे के ढेर पर बैठा हुआ है।

अपने निर्वाचन वार्ड 14 में स्वच्छता की बदहाली है हवाला देते हुए सभापति ठाकुर ने बताया कि हालिया बरसात ने नपा के स्वच्छता दावों की पोल खोल दी है, खासकर न्यास कॉलोनी में मामूली बारिश से भी जलभराव और गंदगी का अंबार लग जाता है। उन्होंने पहले भी इस संबंध में




शिकायत की थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। जिससे यह स्पष्ट होता है कि स्वच्छता अभियान केवल कागजों तक सीमित है। सभापति ने इस बात पर भी जोर दिया कि पार्षदों को जनता के बीच शर्मिंदगी का सामना करना पड़ता है, जबकि जमीनी स्तर पर प्रशासनिक तंत्र की निष्क्रियता ही समस्याओं का मूल कारण है। उन्होंने कहा आपकी और आपके अधिकारियों की निष्क्रियता का खामियाजा हम जनप्रतिनिधियों को भुगतना पड़ता है, जो जनविश्वास को भी आहत करता है।

### इन बिंदुओं को उठाया

- अतिक्रमण: अधिकांश नालियों और चेंबरों पर अतिक्रमण कर लिया गया है, जिससे जलनिकासी पूरी तरह अवरुद्ध है।
- अतिक्रमण हटाओ अभियान ठप: अतिक्रमण हटाने का कार्य पूरी तरह से ठप है। पार्षदों को न तो कोई सूचना दी जा रही है और न ही कार्रवाई की जानकारी साझा की जा रही है।
- निष्क्रिय अतिक्रमण विरोधी दस्ता: अतिक्रमण विरोधी दस्ता पूरी तरह से निष्क्रिय पड़ा है। उनसे संबंधित कार्ययोजना की प्रतिलिपि भी पार्षदगण को उपलब्ध नहीं कराई गई है।
- स्वच्छता अभियान की कमी: नगर पालिका द्वारा कोई विशेष स्वच्छता अभियान नहीं चलाया गया और न ही इस संबंध में कोई समीक्षा बैठकें आयोजित की गईं।

### नपा से तत्काल इन कार्रवाई की अपेक्षा की है

- न्यास कॉलोनी क्षेत्र में तत्काल विशेष सफाई अभियान चलाकर जलभराव की समस्या को दूर किया जाए।
- सभी नालियों और चेंबरों से तत्काल अतिक्रमण हटाया जाए।
- अतिक्रमण विरोधी दस्ते की कार्यवाही की विस्तृत जानकारी पार्षदों को उपलब्ध कराई जाए।
- स्वच्छता अभियान की समीक्षा बैठकें आयोजित की जाएं और जमीनी स्तर पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### विधायक ने ली पुलिस प्रशासन की बैठक

**पिपरिया।** शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के साथ-साथ पिपरिया विधानसभा क्षेत्र में गुंडे और आपराधिक तत्वों पर नकेल कसने के लिए विधायक ठाकुरदास नागवंशी ने मंगलवार थाना प्रभारी गिरीश त्रिपाठी, स्टेशन रोड थाना प्रभारी आदित्य सेन, बनखेड़ी थाना प्रभारी विजय सनस, पचमढ़ी थाना प्रभारी उमाशंकर यादव एवं अनुविभागी पुलिस अधिकारी मोहित यादव के साथ बैठक कर उन्हें सख्त निर्देश दिए गए हैं कि पिपरिया विधानसभा में गुंडे और आपराधिक तत्वों पर नकेल कसी जाए। उन्होंने नगर पालिका परिषद के सभागृह में शहर में अपराध और कानून व्यवस्था को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर माधव दास अग्रवाल पार्षद मुकेश खटीक संतोष परते आदि मौजूद रहे।

## सीएम व विजयपाल सिंह से यादव समाज का प्रतिनिधिमंडल मिला



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मंगलवार को डॉ मोहन यादव मुख्यमंत्री से नर्मदापुरम नगर के यादव समाज का प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य भेंट की। समाज के नंदकिशोर यादव ने बताया कि यादव समाज द्वारा डॉ मोहन यादव का पुष्पगुच्छ और शाल श्रीफल से स्वागत किया।

इस अवसर पर विधायक सोहागपुर विजयपाल सिंह विशेष रूप से उपस्थित हुये उनके साथ यादव समाज के प्रतिनिधिमंडल में समाज के मुखिया रामभरोस महाते, धनराज यादव, महेन्द्र यादव, नंदकिशोर यादव, ललित मोहन यादव, जगदीश पहलवान उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री से यादव समाज का प्रतिनिधिमंडल मिला।

**खबर संक्षेप**



### एक पेड़ मां के नाम मातृ शक्ति के सम्मान का माध्यम

**बैतूल।** मेरा युवा भारत बैतूल युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार वह क्षेत्रीय युवा मंडल महिला मंडल समाजसेवियों द्वारा सैकड़ों नीम, अशोक, आंवला, गुलमोहर,जामुन, जाम, आम, मोगरा आदि छायादार और फलदार पौधों का रोपण एचडी कॉलेज देवगांव में किया गया। कार्यक्रम डॉ.ललित सरले डॉ.आशीष महाजन समाजसेवी मुकेश सरले की उपस्थिति में और धनंजय सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस मौके पर डॉ. ललित सरले ने कहा एक पेड़ मां के नाम महाअभियान और एक सामाजिक पहल है। डॉ.आशीष महाजन ने इस अभियान के माध्यम से हम पर्यावरण को हरा-भरा बना सकते हैं यह मातृ शक्ति के सम्मान का भी माध्यम है। धनंजय सिंह ठाकुर ने बताया कि मेरा युवा भारत बैतूल द्वारा युवा मंडल महिला मंडलों के सहयोग से बड़ी संख्या में एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत पौधों का रोपण किया जा रहा है। कायक्रम को सफल बनाने में ग्रीन आर्मी युवा मंडल के अध्यक्ष गजेंद्र पवार, राकेश रावत, देवेंद्र राठौर, संजय कलमे, नेहा पवार, पायल माहौर, श्याम दायरे, नंदनी नामदेव, विशाखा ढोटेकर का सराहनीय योगदान रहा।

### नशे से दूरी जरूरी कार्यक्रम के तहत जनजागरूकता अभियान

**बैतूल।** बचपन प्ले एवं अकेडमिक हॉईट्स पब्लिक स्कूल आमला में नशा मुक्ति पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आमला थाना प्रभारी सत्यप्रकाश सक्सेना एवं विशेष अतिथि एसआई राममोहन यादव, एएसआई मूलचन्द अनन्त, आरक्षक रामराव पान्द्रे, नागेन्द्र सिंह राजपूत, अनन्त यादव, खेल एवं युवा कल्याण विभाग ब्लॉक समन्वयक रामनारायण शुक्ला एवं शास कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला आमला से खेल शिक्षक हरिभाऊ झरबडे शामिल थे। कार्यक्रम का शुभारंभ बच्चों द्वारा आये हुए अतिथियों का पुष्पों द्वारा स्वागत कर किया गया। तत्पश्चात बच्चों द्वारा नशा मुक्ति को लेकर एक गीत प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि ने बच्चों को नशे के नुकसान से अवगत कराया और बच्चों, शिक्षकों, पालकों एवं वैन चालको को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गयी एवं समझाईश दी गई।

## जिला अस्पताल में डॉक्टरों के 60 पद स्वीकृत, इसमें भी 35 पद रिक्त

# 10 अनुबंधित डॉक्टरों में से सिर्फ पांच ने ही ली ज्वाइंनिंग, डॉक्टरों की कमी से मरीज परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिला अस्पताल में डॉक्टरों की कमी के कारण स्वास्थ्य सुविधाएं संकट से गुजर रही हैं। एक ओर मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है, वहीं दूसरी ओर डॉक्टरों की अनुपलब्धता के चलते इलाज की स्थिति चिंताजनक हो गई है। स्थिति यह है कि ओपीडी में प्रतिदिन 600 से अधिक मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। लेकिन डॉक्टरों की कमी की वजह से मरीजों को परेशान होना पड़ रहा है। हालात यह है कि विशेषज्ञ डॉक्टर की कमी और संसाधनों के अभाव में गंभीर मरीजों को प्राथमिक इलाज देकर रेफर कर दिया जाता है। इधर ओपीडी के भी हालात ठीक नहीं है। यहां भी मरीजों की लंबी-लंबी कतारे लगी रहती है। कई बार इलाज के लिए नंबर नहीं आने पर मरीजों को निजी अस्पताल जाना पड़ रहा है। यहां बता दें कि आदिवासी बाहुल्य जिला बैतूल में स्वास्थ्य सेवाओं को दुरूस्त करने के लिए सरकार करोड़ों रुपए खर्च कर रही है, पर यह खर्च बिल्डिंग बनाने में किया जा रहा है, जबकि डॉक्टरों की कमी से जिला अस्पताल की व्यवस्थाएं बिगड़ रही है। हाल ही में हुए चिकित्सकों के तबादले में कोई चिकित्सक बैतूल तो नहीं आए, लेकिन जिला अस्पताल में पदस्थ छह चिकित्सकों के तबादले हो गए हैं। जिसके बाद जिला अस्पताल में डॉक्टरों के रिक्त पदो की संख्या 35 पर पहुंच गई है।



### 10 अनुबंधित डॉक्टरों की नियुक्ति, 5 की ज्वाइनिंग

जिला अस्तपाल में डॉक्टरों के 60 पद स्वीकृत हैं। जिसमें से 35 पद रिक्त है। जानकार बताते है कि जिला अस्पताल में प्रथम श्रेणी डॉक्टरों के 38 पद स्वीकृत है, जिसमें से वर्तमान समय 12 डॉक्टर कार्यरत है, वहीं 26 पद रिक्त पड़े है। जबकि द्वितीय श्रेणी डॉक्टरों के 22 पद स्वीकृत है। इसमें से 13 कार्यरत है ओर 9 पद रिक्त पड़े है। ऊपर से 3 प्रथम श्रेणी और 3 द्वितीय श्रेणी डॉक्टरों का स्थानांतरण हो चुका है। लेकिन एक भी डॉक्टर जिला अस्पताल को नहीं मिला। जिला अस्पताल में डॉक्टरों की कमी को दूर करने के लिए 10 अनुबंधित डॉक्टरों की नियुक्ति की गई है, लेकिन इसमें से मात्र 5 डॉक्टरों ने ही ज्वाइनिंग ली है। डॉक्टरों द्वारा ज्वाइन नहीं करने के कारण अस्पताल में आने वाले मरीज परेशान होते हैं।

### मांग पत्र भेजे जाते हैं

जिला चिकित्सालय में डॉक्टरों की कमी को दूर करने के लिए शासन को मांग पत्र भेजे जाते है। आशा है कि शासन इन पदो की जल्द ही प्रतिपूर्ति करेगा। 10 अनुबंधित डॉक्टरों की नियुक्ति हुई है, जिसमें से 5 ने ज्वाइंनिंग ले ली है, 5 डॉक्टरों की परीक्षा है। जिसके बाद इन डॉक्टरों द्वारा भी ज्वाइन करने की संभावना है।

**डॉ. जगदीश घोरे, सिविल सर्जन, जिला अस्पताल बैतूल**

### डॉक्टरों के यह पद पड़े हैं रिक्त

जानकार सूत्र बताते है कि अभी अस्पताल में मेडिकल विशेषज्ञ के 4 पद में से 2 पद रिक्त, स्त्री रोग विशेषज्ञ 4 पदों में से 1 रिक्त, शिशु रोग विशेषज्ञ के 7 में से 5 रिक्त, नेत्र रोग विशेषज्ञ के 2 में से 1 रिक्त, रेडियोलॉजिस्ट के 2 में से 2 रिक्त, पैथालाजिस्ट के 2 में से 2 रिक्त, निश्चेतना विशेषज्ञ 2 में से 2 रिक्त, ईएनटी विशेषज्ञ 2 में से 2 रिक्त, हृदय रोग विशेषज्ञ 1 पद रिक्त, क्षय रोग विशेषज्ञ 1 पद रिक्त, चिकित्सा अधिकारी के 15 पद 1 रिक्त, दंत चिकित्सक द्वितीय श्रेणी 2 पद 1 रिक्त, आयुष चिकित्सक 1 पद रिक्त, ट्रामा सेंटर प्रथम श्रेणी मेडिकल विशेषज्ञ 1 पद रिक्त, अस्थि रोग विशेषज्ञ 2 पद 2 रिक्त, सर्जिकल 2 पद 1 रिक्त, निश्चेतना विशेषज्ञ 2 पद 2 रिक्त, ट्रामा सेंटर में चिकित्सा अधिकारी 6 पद 6 रिक्त हैं।

### बरसात में बढ़ जाती है बीमारियों की आशंकाएं

बरसात के मौसम में बीमारियों का ग्राफ तेजी से ऊपर चढ़ता है। डेंगू, मलेरिया, वायरल फीवर जैसी मौसमी बीमारियों के साथ-साथ नाक, कान, गला और स्किन से संबंधित संक्रमणों में भी इजाफा होता है। वहीं दूसरी ओर फिसलन और कीचड़ के कारण हड्डी टूटने और चोट लगने की घटनाएं भी होती है। अभी जिला अस्पताल में ओपीडी करीब 600 से ऊपर रोजाना रहती है। यहां जिला मुख्यालय के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्र के मरीज भी अपना उपचार करवाने पहुंचते है। लेकिन अस्पताल में आवश्यकता अनुरूप डॉक्टर की उपलब्धता नहीं होने से मरीजों को परेशान होना पड़ता है और अक्सर अस्पताल की व्यवस्थाएं बिगड़ती है, वह अलग है।

### संविदा शिक्षक ने वॉट्सऐप पर डाला आपत्तिजनक वीडियो, प्रकरण दर्ज

**बैतूल।** प्राथमिक स्कूल हर्राढ़ाना (दूधिया) में पदस्थ संविदा शिक्षक पर वॉट्सऐप स्टेटस पर महिलाओं के खिलाफ आपत्तिजनक वीडियो शेयर करने का आरोप है। आरोपी शिक्षक द्वारा साझा किया गया दो मिनट 21 सेकेंड का यह वीडियो किसी मुशायरे का बताया जा रहा है। मामले में पुलिस ने शिक्षक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। संविदा शिक्षक फैजान अंसारी द्वारा व्हाट्सऐप पर शेयर किए गए विवादित वीडियो में एक शायर महिलाओं की स्थिति और पुरुष सत्ता का जिक्र करते हुए दिख रहा है। इसे लेकर राज्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष सचिन राय ने शिकायत दर्ज कराई है। श्री राय ने शिकायत में कहा कि शिक्षक द्वारा साझा किया गया वीडियो महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला है और सामाजिक सौहार्द को बिगाडऩे वाला है। उन्होंने वीडियो में दिख रहे व्यक्ति के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की है। मंगलवार देर शाम मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष सचिन राय के नेतृत्व में कर्मचारियों ने चिचोली थाने में संविदा शिक्षक फैजान पर केस शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में बताया गया कि आरोपी शिक्षक ने अपने मोबाइल के वॉट्सऐप स्टेटस पर महिलाओं के खिलाफ आपत्तिजनक वीडियो साझा किया, जिसकी कई लोगों ने निंदा की। शिकायत दर्ज कराने थाने पहुंचे कर्मचारियों में वीरेन्द्र धुर्वे, अतुल आर्य, अनिल गोस्वामी, सुनील वागद्रे, अजय मालवीय, ओ.पी. सरोने, वी.आर. यादव और प्रवीण नरवने शामिल थे। मामले में आरोपी बनाए गए शिक्षक के मोबाइल पर उनका पक्ष जानने काल किया गया। लेकिन उनका फोन लगातार स्विच आफ आया। चिचोली टीआई हरिओम पटेल ने बताया कि आरोपी शिक्षक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 353(2) के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दो की मौत, एक दर्जन बीमार

## चिरमाटेकरी गांव में 1 सप्ताह से उल्टी दस्त का प्रकोप

**भौंरा।** शाहपुर तहसील के चिरमाटेकरी गांव में उल्टी दस्त का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। उल्टी-दस्त से दो ग्रामीणों की मौत हो चुकी है, एक दर्जन ग्रामीण उल्टी दस्त से पीड़ित हैं। गांव में करीब एक सप्ताह से बीमारी फैली हुई है। ग्रामीण आसपास के गांव में प्राइवेट डॉक्टरों एवं डॉक्टरों एवं बैतूल के निजी अस्पताल में इलाज करा रहे हैं। शाहपुर से 12 किमी एवं भौरा सिर्फ 5 किमी दूर होने के बाद भी स्वास्थ्य विभाग टीम को गांव पहुंचने में एक सप्ताह लग गया। इससे विभाग के मैदानी टीम की लापरवाही उजागर हो रही है। मंगलवार को गांव के युवक गणेश धुर्वे ने शाहपुर पहुंचकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर अभिनव शुक्ला को गांव में उल्टी दस्त की बीमारी फैलने की सूचना दी। इसके बाद शाम करीब 6 बजे शाहपुर स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव पहुंची और मरीजों का उपचार किया। डॉ. रमेश काकोडिया ने बताया कि चिरमाटेकरी गांव की एक महिला उल्टी दस्त की शिकायत लेकर आई थी। उसकी मौत हो गई है। वहीं इसके पहले एक और उल्टी दस्त का मरीज गंभीर हालत में आया था। जिसका उपचार किया। वह स्वस्थ होकर घर चला गया है। डॉ. अभिनव शुक्ला ने बताया सूचना मिलने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम को गांव भेजा। गांव में उल्टी दस्त के 9 मरीज मिले हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा उनका उपचार किया जा रहा है। कुछ मरीजों के बैतूल और आसपास इलाज कराने की जानकारी मिली है। गणेश धुर्वे ने बताया गांव में करीब एक सप्ताह से उल्टी-दस्त का प्रकोप है। 18 जुलाई को गांव की कला बाई धुर्वे को सुबह उल्टी-दस्त शुरू हुए और शाम को उसकी मौत हो गई। वहीं 18 जुलाई को ही गांव की सांता बाई परते को दोपहर में उल्टी होना शुरू हुआ। परिजनों उसे शाहपुर अस्पताल ले गए। जहां से परिजन बैतूल निजी अस्पताल ले गए। 20 जुलाई को निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। उल्टी-दस्त फैलने की सूचना पर डाबरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के मेडिकल ऑफिसर डॉ. भाले के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम को गांव भेजा है। गांव में पानी का सैंपल भी लिया है।

**नपा के पास सर्वे तक के लिए कोई अधिकृत टीम नहीं**

## शहर में एक सैकड़ा से ज्यादा मकान जर्जर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमला

अब इसे लापरवाही कहें, मनमर्जी कहें, भर्राशाही कहें या फिर विडंबना माने!जो भी हो लेकिन शहर में प्रशासन की इस लापरवाही का बड़ा खामियाजा किसी दिन निर्दोष लोगों को भुगतना पड़ेगा। यूं तो शहर में अलग-अलग विभागों की लापरवाही और इससे संभावित किसी बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता है, ऐसे कई उदाहरण दिए जा सकते हैं, फिर भी इस समय वर्षाकाल को देखते हुए शासन के निर्देशानुसार शहर की ऐसी जर्जर इमारतें जो किसी भी वक्त भरभरा कर गिरने की कगार पर है, नगर पालिका प्रशासन इसको लेकर गंभीर दिखाई नहीं पड़ता है, और हर साल नगर पालिका में दैनिक वेतन कर्मचारी ही इस गंभीर मामले को अपनी क्षमता के मुताबिक कुछ लोगों को नोटिस आदि देकर शासन के निर्देशों की औपचारिकता पूरी कर देते हैं।नगर पालिका प्रशासन की यह लापरवाही आने वाले समय में किसी भी बड़े हादसे को आमंत्रित करती दिखाई पड़ रही है।


फाइल फोटो

### कई शासकीय भवन भी बेहद जर्जर

शहर के कई रिहायशी इलाकों, मेंन रोड के अलावा शहर के कई शासकीय भवन जिसमें शहर का कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर भी शामिल है यहां भी कई कमरे बेहद जर्जर हालत में है और अब ज्यादा बारिश झेलने की ताकत नहीं रखते हैं। इस पर भी नगर पालिका प्रशासन का कोई ध्यान नहीं है, जैसा कि हमें जानकारी है कि शहर के मेंन रोड इलाके के भी कई दुकान मकान कई दशकों पुराने हैं तो कुछ शासकीय इमारतें भी ढहने की कगार पर है किंतु नगर पालिका प्रशासन शायद यहां किसी बड़ी दुर्घटना के इंतजार में है हैरानी यहां इस बात की भी है कि इस तरह के गंभीर मामलों पर भी नगर पालिका गंभीर दिखाई नहीं पड़ती है। इस मामले में हमारे द्वारा कई बार नगर पालिका अधिकारी नितिन बिंजवे को फोन किया गया, किंतु उन्होंने फोन का जवाब नहीं दिया है।

### टीम गठित करेंगे

शहर के जर्जर भवन आदि के लिए एक विशेषज्ञ की टीम गठित की जाएगी ये मामला वाकई बेहद गंभीर है इस पर हम गंभीरता से काम करेंगे।

**- नितिन गाडरे नगर पालिका अध्यक्ष आमला**

### शहर में केवल सात लोगों को नोटिस

इस बारे में जब हमने नगर पालिका राजस्व प्रभारी बबन कुंभारे से बात की तो उन्होंने बताया कि लगभग सात लोगों को नोटिस जारी किया गया है किंतु कोई कार्यवाही हम लोग नहीं कर पाते हैं यही शाखा के सहायक पी.चौहान ने हमें बताया है की शाखा में कर्मचारियों की कमी है हम लोग खुद सर्वे आदि करके प्रस्ताव बनाकर नोटिस भेज देते हैं, किंतु कई लोग ऐसे हैं जो बेहद जर्जर भवन में ही निवास कर रहे हैं और मकान खाली करने को तैयार नहीं है जिससे खतरा बना रहता है।

### सर्वे के लिए विशेषज्ञ टीम ही नहीं

यहां देखा गया है कि शहर की क्षतिग्रस्त और जर्जर इमारत के सर्वे के लिए नगर पालिका में कोई विशेषज्ञों की टीम ही नहीं है, ऐसे में जर्जर इमारत का सही आंकड़ा और सर्वे की रिपोर्ट महज एक अनाड़ी कर्मचारी के भरोसे है ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस तरह के गंभीर मामलों में जो लोगों की जान माल से जुड़े हो वहां प्रशासन की लापरवाही शहर में कितना बड़ा नुकसान कर सकती है।

**स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को लेकर दिए दिशा-निर्देश**

## सीईओ जिला पंचायत ने भीमपुर सीएससी का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अक्षत जैन ने मंगलवार को भीमपुर निरीक्षण के दौरान चिखली के गोडकी ढाना गांव के आंगनवाड़ी केंद्र में जमीन पर बैठकर एएनएम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और आशा कार्यकर्ताओं के साथ आत्मीयता भरी बैठक की। बैठक में श्री जैन ने न केवल स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी स्थिति को समझा, बल्कि कार्यकर्ताओं की परेशानियों, सुझावों और अनुभवों को भी पूरी संवेदनशीलता के साथ सुना। इस दौरान सीईओ श्री जैन ने क्षेत्र में स्वास्थ्य और पोषण संबंधी सेवाओं की समीक्षा की। सीईओ श्री जैन ने ऑनलाइन स्वास्थ्य पोर्टल्स और पंजी रजिस्टरों की भी जांच की और उनमें सुधार के लिए संबंधित कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अक्षत जैन ने भीमपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएससी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लेबर रूम की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा बर्थ वेटिंग एरिया और केएमसी कॉर्नर का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सीईओ श्री जैन ने चिखली के गोडकी ढाना ग्राम में आयोजित वीएचएनडी टीकाकरण कार्यक्रम का भी निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने एचबीएनसी गृह आधारित नवजात शिशु देखभाल तथा हाई रिस्क महिलाओं की स्वास्थ्य जांच संबंधी कार्यों का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान डॉ. प्रांजल उपाध्याय, बीएमओ डॉ. पंकज उइके, बीपीएम श्री तिवारी मोरले, सीडीपीओ श्रीमती रामबाई तथा अंतरा फाउंडेशन से डॉ. सोनू राय सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### उज्जैन में होगा अभा भार्गव सभा का वार्षिक सम्मेलन

**बैतूल।** अखिल भारतीय भार्गव सभा का सम्मेलन दिसम्बर माह में उज्जैन में किया जाएगा। इस निर्णय गत दिवस भोपाल में आयोजित हुई अखिल भारतीय भार्गव सभा की बैठक में लिया गया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि उज्जैन में बनने वाली स्थायी कुंभ सिटी में भार्गव आश्रम का निर्माण कराया जाए जैसा की हरिद्वार में भार्गव आश्रम बना हुआ है। इससे उज्जैन जाने वाले धर्मावलंबियों और श्रद्धालुओं को ठहरने आदि की सुविधा उपलब्ध हो सके। भोपाल में गत दिवस हुई अखिल भारतीय भार्गव महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श कर निर्णय लिए गए। बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि आगामी दिसम्बर माह में 21, 22 एवं 23 दिसम्बर को अभा भार्गव सभा का वार्षिक सम्मेलन मध्यप्रदेश के उज्जैन में किया जाएगा।

**प्रवेश से वंचित बच्चों को मिला हक, खुश हुए छात्र और अभिभावक**

## बैतूल कलेक्टर ने स्कूली बच्चों की समस्या का मौके पर किया समाधान

**बैतूल।** नवीन शिक्षण सत्र की शुरुआत से पहले जहां बच्चे नई कक्षा में जाने के लिए उत्साहित रहते हैं, वहीं आठनेर ब्लॉक के ग्राम सातनेर के कुछ बच्चों को उस समय निराशा हाथ लगी जब उन्हें 8वीं कक्षा उत्तीर्ण करने के बावजूद 9वीं में प्रवेश नहीं दिया गया। कारण बताया गया कि बच्चों की उम्र 14 वर्ष से कम होना। इस समस्या को लेकर ग्राम सातनेर के शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल के 8 विद्यार्थी अपने अभिभावकों के साथ बुधवार को कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी से मिलने कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने सभी बच्चों और उनके परिजनों को अपने कक्ष में बैठाकर पूरी बात गंभीरता से सुनी। छात्रों ने बताया कि उनकी उम्र 13 वर्ष है और 8वीं उत्तीर्ण कर चुके हैं, फिर भी स्कूल के प्राचार्य उन्हें यह कहकर प्रवेश नहीं दे रहे कि जब तक वे 14 वर्ष के नहीं हो जाते, तब तक उन्हें 9वीं कक्षा में प्रवेश नहीं मिलेगा। छात्रों ने बताया कि ऐसे लगभग 22 विद्यार्थी है। जिन्हें प्रवेश नहीं दिया जा रहा हैं। कलेक्टर ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य श्री विवेक पांडे एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्री अनिल सिंह कुशवाहा को तलब कर समस्या का मौके पर ही निराकरण करने के



निर्देश दिए। जांच में पाया गया कि विद्यालय प्राचार्य को प्रवेश नियमों की सही जानकारी नहीं थी, जिससे यह स्थिति उत्पन्न हुई। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि ऐसे सभी विद्यार्थी जिन्हें उम्र के आधार पर प्रवेश से वंचित किया गया है, उन्हें तत्काल प्रवेश दिया जाए। बच्चों के सामने ही समस्या का निराकरण हुआ, जिससे छात्र और अभिभावक काफी प्रसन्न हुए। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने बच्चों को चॉकलेट देकर उनका मुंह मीठा कराया और कहा कि वे निश्चिंत होकर पढ़ाई करें। बच्चे खुशी-खुशी अपने गांव लौटे और कहा कि अब वे पूरे उत्साह से स्कूल जा सकेंगे।

## 14 दिन बाद बरसा पानी,अब तक 15 इंच हुई बारिश

**बैतूल।** लंबे इंतजार के बाद बुधवार को शहर में आधा घंटा बारिश हुई। इसके बाद कुछ देर बूंदाबांदी चलती रही। बारिश और ठंडी हवा चलने से दिन के तापमान में एक डिग्री के आसपास गिरावट आई है। रात का तापमान भी एक डिग्री नीचे खिसका है।



जिससे लोगों को उमस और गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। हालांकि मंगलवार को जहां हल्की फुहारें पड़ी थीं, वहीं घोड़ाडोंगरी क्षेत्र में लगभग 3 इंच बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने अगले दो दिन हल्की बारिश होने की संभावना जताई है, वहीं जुलाई के आखिर में ही अच्छी बारिश की उम्मीद है। जिले में अब तक औसत 35 फीसदी यानी 15 इंच बारिश दर्ज की जा चुकी है। बता दे कि बैतूल में 9 जुलाई के बाद बारिश पर ब्रेक लग गया था। हालांकि कहीं-कहीं जरूर बारिश दर्ज की गई, लेकिन यह बारिश सिर्फ हल्की फुहारों तक सीमित रही। तेज बारिश नहीं हुई। जिसके बाद बुधवार को बारिश होने से लोगों को राहत मिली। जिले में अब तक औसत 35 फीसदी यानी 15 इंच बारिश दर्ज की जा चुकी है। सबसे ज्यादा घोड़ाडोंगरी में 27 इंच (63त्न) हुई बारिश। विभिन्न क्षेत्रों में वर्षा का आंकड़ा इस प्रकार है - बैतूल 10.2 इंच, चिचोली 15.6 इंच, शाहपुर 20.6 इंच, मुलताई 14.7 इंच, प्रभात-पट्टन 15.5 इंच, आमला 12 इंच, भैंसदेही 9.8 इंच, आठनेर 9.6 इंच और भीमपुर 14.9 इंच बारिश दर्ज की गई।

**बैतूल हेल्पलाइन संपर्क : 9425382122, 8839830267**

**बी.आर. अंबेडकर कॉलेज आफ एजुकेशन, बैतूल**

B.Ed प्रवेश अतिरिक्त चरण

प्रवेश से वंचित शेष रह गये छात्र/छात्राएं निराश न होवें अतिरिक्त चरण में आनलाईन पंजीयन एवं संस्था का चयन 15/07/2025 से 18/07/2025 तक करें। आनलाईन दस्तावेजों का सत्यापन हेल्प सेंटर पर जाकर 23 जुलाई 2025 से 25 जुलाई 2025 तक करायें। सीट आवंटन एवं प्रवेश शुल्क भुगतान की तिथि 23 जुलाई 2025 से 26 जुलाई 2025 तक । प्रवेश परीक्षा नही। प्रथम च्वाईस में भीमराव रामराव अंबेडकर कालेज आफ एजुकेशन, बैतूल (कालेज कोड-BED823) ही लिखें। रिजल्ट-20 वर्षों से EXCELLENT, अनुसूचित जनजाति / अनुसूचित जाति / अन्य पिछडा वर्ग को छात्रवृत्ति सुविधा शासन के नियमानुसार। मेडम या सर बनना निश्चित।

संपर्क: श्रीमती दीपा पंवार 9302846996 | प्राचार्य डॉ. जी.डी. देशमुख 9826231552 | संचालक इंजी. ध्रुवप्रकाश अग्रवाल 9300974327 | इंजी. सर्वेश अग्रवाल 9111788845

## खबर संक्षेप




### जीआरपी ने किया नशे के विरुद्ध जागरूक

**इटारसी।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा चलाए जा रहे नशे से दूरी है जरूरी अभियान के अंतर्गत जीआरपी पुलिस ने जागरूकता अभियान चलाया। जीआरपी थाना प्रभारी संजय चौकसे के नेतृत्व में स्टाफ ने शहर के रेनबो स्कूल मे अभियान के तहत स्कूल के छात्र एवं छात्राओ को एवं शिक्षको को नशा न करने हेतु जागरूक किया गया एवं सामूहिक शपथ दिलाई गई।

### युवराज स्वामी के कर कमलों से संदर्भ इटारसी का विमोचन

**इटारसी।** स्वर्गीय शांति देवी महादेव पगार स्मृति समिति के तत्वाधान में वरिष्ठ पत्रकारों समाजसेवी प्रमोद पगार द्वारा इटारसी के इतिहास पर लिखी पुस्तक संदर्भ इटारसी का श्री श्री 1008 युवराज स्वामी रामकृष्णाचार्य जी महाराज ने व्यास पीठ से विमोचन किया। युवराज स्वामी ने संदर्भ इटारसी के लेखक वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद पगार को पुस्तक के लेखन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ ही कहा कि संदर्भ इटारसी, इटारसी के इतिहास में अजर अमर ग्रंथ की तरह साबित होगी। लोग इससे प्रेरणा लेंगे और नई पीढ़ी को संदर्भ इटारसी से अपने शहर को जानने का अवसर मिलेगा। लेखक प्रमोद पगारे ने पुष्पहार पहनकर महाराज श्री का स्वागत किया। साथ ही समिति सदस्यों ने महाराज श्री को शॉल - अंगवस्त्र भेंट किए। महाराज श्री को समिति की ओर से अयोध्या के राजा भगवान श्रीराम की प्रतिमा भी भेंट स्वरूप प्रदान की गई। इसमें विनीत चौकसे, नीलेश जैन, भूपेंद्र विश्वकर्मा, सुरेंद्र राजपूत, घनश्याम तिवारी उपस्थित रहे।

### सेवादल कांग्रेस ने किया स्मार्ट मीटर का विरोध अधिकारियों से की चर्चा

**इटारसी।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजय शुक्ला एवं सेवादल यंग ब्रिगेड प्रदेश अध्यक्ष गजानंद तिवारी के नेतृत्व में कांग्रेस का डेलिगेशन एमपीईवी इटारसी कार्यालय पहुंचा। डेलिगेशन ने जबरदस्ती लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर को लेकर की विस्तृत चर्चा की। गजानंद तिवारी ने अधिकारियों से कहा कि हम जनता की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है सड़क से लेकर संसद, विधानसभा तक और कहा न्यायालय की शरण में भी जाएंगे। अगर जनता परेशान होगी तो इटारसी से लेकर हमारे प्रदेश के वरिष्ठ नेता प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार सहित पूरे देश का कांग्रेस परिवार जनता के साथ खड़ा है।

### हरगोविंद साहब की निशानियां दिखाई

**इटारसी।** बुधवार को गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा इटारसी में आए विद्वान प्रचारक भगवान सिंह खोजी के द्वारा श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी महाराज से संबंधित 13 पुरातनी निशानियों के दर्शन गुरुद्वारा साहिब में कराये। साथ ही उनसे जुड़े हुए इतिहास भी सभी को बताए। गुरु साहिब की निशानियां और भाई भगवान सिंह एवं साथियों का स्वागत इटारसी सिख समाज की संगत द्वारा उत्साह से किया गया। इसमें गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के प्रधान सेवक सरदार जसवीर सिंह छाबड़ा सहित पदाधिकारी एवं साध संगत मौजूद रही।

### नर्मदा वैली एकेडमी में छात्र परिषद चुनावी दौर

**सिवनी मालवा।** नर्मदा वैली एकेडमी में इन दिनों छात्र परिषद चुनाव 2025 के चुनावी अभियान से गुलजार है। स्कूल परिसर में एक खास ऊर्जा और उत्साह का माहौल है, जहाँ छात्र-छात्राएँ पूरे जोश के साथ अपने नेतृत्व गुणों का प्रदर्शन कर रहे हैं। वे विभिन्न रचनात्मक और प्रभावी तरीकों से अपने साथी विद्यार्थियों का दिल और वोट जीतने का प्रयास कर रहे हैं। स्कूल के गलियारे और कक्षाएँ युवा, महत्वाकांक्षी नेताओं की ऊर्जा से जीवंत हो उठी हैं। उम्मीदवार अपनी उपस्थिति दर्ज कराने और मतदाताओं तक पहुँचने के लिए कई तरह की रणनीतियां भी अपना रहे हैं।

# निराश्रित मवेशियों को रखने अफसरों ने तलाशे अस्थाई गोशाला के लिए स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

सड़कों पर विचरण करने वाले निराश्रित मवेशियों को रखने के लिए प्रशासन ने बुधवार को शहर के कुछ क्षेत्रों में जगह चिन्हांकित किये हैं, कल तक यहां व्यवस्थाएं कर दी जाएंगी। वर्तमान में ओवरब्रिज के नीचे बंगलिया साइड इनको रखा जा रहा है। आज भी नगर पालिका के हाका दल ने दो दर्जन से अधिक पशुओं को सड़कों से हटाया है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व टी प्रतीक राव, तहसीलदार शक्ति सिंह तोमर और मुख्य नगर पालिका अधिकारी रितु मेहरा ने खेड़ा सहित अन्य क्षेत्रों में अस्थायी गौशाला के स्थान देखे। इस दौरान बंद पड़े वेयर हाउस, गोदाम आदि का निरीक्षण किया जहां कुछ व्यवस्थाएं करके इन गौवंशों का रखा जा सकता है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती रितु मेहरा ने कहा कि पिछले वर्ष भी नगर पालिका ने अन्य विभागों के सहयोग से निराश्रित मवेशियों को सड़कों से हटाकर अन्य स्थानों पर भेजा था। इस वर्ष भी इनके लिए उपयुक्त स्थान की तलाश की जा रही है। एसडीओ राजस्व टी प्रतीक राव ने बताया कि नगर पालिका, राजस्व, पशु चिकित्सा विभाग मिलकर निराश्रित मवेशियों को उपयुक्त स्थान पर रखकर उनके खाने-पीने और उपचार आदि की व्यवस्था करेंगे।

### इनका कहना है...

मवेशी मालिकों से मिलकर उनको अपने मवेशी घर पर ही रखने के लिए बात कर रहे हैं, साथ ही जुर्माने की प्रक्रिया भी की जा रही है। पुलिस की मदद से प्रतिबंधित कार्रवाई भी की जाएगी।

**टी प्रतीक राव, एसडीओ राजस्व**

हम निराश्रित मवेशियों को रखने के लिए स्थान चिह्नित कर रहे हैं। यहां उनको खानेपीने के साथ ही वेटनरी के सहयोग से चिकित्सा उपलब्ध करायेंगे। पशु मालिकों पर जुर्माने की कार्रवाई भी की जा रही है।

**श्रीमती रितु मेहरा, सीएमओ**

## साधक आनंद मंगल भवन में योग करेंगे

योग स्थल का स्थान बदला विगत कई वर्षों से मनुष्य मिलन योग साधना परिवार के साधक प्रतिदिन सुबह-सुबह हाई स्कूल प्रांगण में योग साधना करते हैं लेकिन निर्माण कार्य एवं बारिश के कारण कुछ दिनों के लिए योग स्थल का स्थान परिवर्तन कर आनंद मंगल भवन में किया गया है

बुधवार को सभी साधकों द्वारा भवन के मालिक डॉ. आनंद डेरिया का स्वागत किया एवं फीता काट कर उन्होंने नवीन योग स्थल का( श्री गणेश) शुभारंभ किया गया अब प्रतिदिन प्रात 6:00 बजे से 7:00 तक आनंद मंगल भवन में योग साधना की जाएगी

### पूर्व लायंस क्लब अध्यक्ष एवं योग साधक संजय वर्मा ने साधकों को

आप सभी समय का विशेष ध्यान रखें एवं ज्यादा से ज्यादा साधक एवं साधिकाएं योग से जुड़े एवं स्वस्थ लाभ उठावे हरियाली अमावस्या पर आनन्द मंगल भवन में वृक्षारोपण किया जाएगा, जिसमें सभी साधकों को हरे कपड़े पहन कर आना है। वृक्ष रोपण के समय आनन्द मंगल भवन संचालक _आनन्द डेरिया , संजय वर्मा, दीपक वर्मा,_योग संचालक सुंदर जांगड़े , गोलू उजेनिया, मोनू मौर्य एवं सभी साधक उपस्थित रहेंगे।

# सामूहिक जन सुनवाई में नागरिकों ने दिए छह आवेदन, संबंधित विभागों को भेजे गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर




स्थानीय जपं सभागार में मंगलवार को सामूहिक जन सुनवाई का आयोजन किया गया। जिसमें नागरिकों की ओर से छह आवेदन दिए गए हैं। आवेदन संबंधित विभागों को भेजे गए हैं।

जानकारी अनुसार पहले आवेदन लक्ष्मीबाई पत्नी रामविलास आदिवासी रघुवंशीपुरा सोहागपुर ने दिया है। जिसमें उन्होंने उल्लेख किया है कि पड़ोसी साहू परिवार द्वारा गाली गलौज की जाती है व जान से मारने की धमकी दी जाती है। अगले आवेदन में रशीद शाह सोहागपुर ने उल्लेख किया है कि शासकीय आवासीय भूमि पट्टे के लिए ऑनलाइन आवेदन दिए थे। लेकिन कुछ लोगों को अभी तक पट्टे प्राप्त नहीं हुए हैं। मुकेश कुमार कुशवाहा ने आवेदन में उल्लेख किया है कि जून 2025 की सुबह आवेदक अपने भाई के साथ खेत पर गए थे। जहां उन्होंने देखा कि पुराने जमीनी विवाद मामले में पुलिस व राजस्व निरीक्षक की उपस्थिति में खेत पर लगाए गए लोहे के एंगल कुछ लोगों द्वारा उखाड़े जा रहे थे। मना करने पर गाली दी एवं मारपीट की। आवेदक ने कार्रवाई की अपेक्षा की है। जमनी टोला क्षेत्रवासियों ने आवेदन दिया है कि उनके गांव की सरकारी शाला का भवन जर्जर हो चुका है। और किचन शेड में कक्षा संचालन विद्यार्थी संख्या अधिक होने के कारण नहीं हो पाता है। अतः नया भवन बनाया जाए। आवेदक हरिशंकर बाने निवासी बम्होरी खुर्द ने शिकायत की है कि मढ़ई रोड किनारे फॉरेस्ट विभाग के बैरियर के पीछे नर्मदापुरम पिपरिया मार्ग पर आवेदक की निजी भूमि पर एक ढाबा संचालक ने अवैध अतिक्रमण कर रखा है। अतिक्रमण कर ढाबा संचालित किया जाता है व अवैध रूप से शराब विक्रय किया जाता है। अवैध गतिविधियों से मढ़ई जाने वाले पर्यटकों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। आवेदक ने निजी जमीन अतिक्रमण से मुक्त कराने की अपेक्षा प्रशासन से की है।

# मामूली विवाद में नवयुवक पर धारदार वस्तु से हमला



**इटारसी।** बुधवार दोपहर गुरुनानक दाल मिल के पास धारदार वस्तु से हमले की घटना में एक युवक घायल हो गया। उसे गंभीर हालात में निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती किया है, जहां उसे आईसीयू में उपचार दिया जा रहा है। बताया जाता है कि बाइक से पानी उछलकर कपड़ों पर आने से तात्कालिक विवाद के बाद यह घटना हुई है जबकि पीड़ित ने घटना का कारण आरोपी द्वारा शराब के लिए पैसे मांगने और नहीं देने पर हमला करना बताया है। घायल युवक ने कहा उसे चाकू मारा गया है। टीआई गौरव बुंदेला के अनुसार पुलिस की टीम डॉक्टर से संपर्क में है, मामले की जानकारी जुटाई जा रही है। हमला करने वाले युवक का नाम रोहित कुचबंदिया बताया जा रहा है। यहां पीड़ित का कहना है कि उस पर चाकू से हमला किया है।

बाइक से पानी के छींटे उछलकर कपड़ों पर आने से विवाद होने पर देवीदास पिता उत्तम भदौरिया ने उसे गालियां दी थीं तो उसने टाइल्स का टुकड़ा मारा है, जो उसकी पीट तथा पेट और जांघ के बीच लगा है। घटना में उसे गंभीर चोट आयी तथा अधिक खून बह जाने से निजी अस्पताल में उसे खून चढ़ाया जा रहा है। घायल युवक कॉलेज स्टुडेंट है, जो बालाजी मंदिर के पास रहता है।

### नाला मोहल्ला में युवक की पीठ पर हंसिए से हमला, अस्पताल में उपचार जारी

**इटारसी।** नाला मोहल्ला में तीन पुलिया के पास दो युवकों द्वारा एक युवक पर हंसिए से हमला करने की घटना प्रकाश में आयी है। परिजन उसे डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी शासकीय अस्पताल लेकर आये। यहां युवक को प्राथमिक उपचार दिया। सरकारी अस्पताल में प्राथमिकउपचार के बाद परिजन युवक को लेकर निजी अस्पताल आए जहां उसका उपचार किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार युवक का नाम अंकित है, उसकी पीठ पर हंसिया लगा है। युवक की पीठ पर टांके लगाये गये हैं।

# गुरुनानक स्कूल के पास दीवार गिरी, बाल-बाल बचे कई विद्यार्थी

- सूचना मिलने पर पांच मिनट में जेसीबी लेकर पहुंचे विधायक प्रतिनिधि
- जलभराव की समस्या का निदान करने नालियों से कचरा निकलवा रहे थे
- घटना स्थल पर जेसीबी ले जाकर मलबा हटवाया, वार्डवासियों ने की तारीफ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

अतिवृष्टि से गुरुनानक पब्लिक स्कूल के पास एक दीवार गिर गयी। जिस वक्त यह घटना हुई स्कूल की छुट्टी हुई थी और बच्चे दीवार की चपेट में आने से बाल-बाल बचे। सूचना मिलते ही मंडी में विधायक प्रतिनिधि देवेन्द्र पटेल पांच मिनट के भीतर जेसीबी मशीन लेकर घटना स्थल पर पहुंचे और दीवार का बचा हिस्सा गिराकर मलवा हटवाया। जिस वक्त सूचना मिली, वे अपने वार्ड में नालियों से मलबा हटवाकर पानी निकासी की व्यवस्था करा रहे थे।

आज अतिवृष्टि से पूरे शहर की सड़कों पर जलजमाव की स्थिति निर्मित हो गयी थी। ऐसे ही हालात वार्ड 22 में भी बन गये थे। पार्षद गीता पटेल और मंडी में विधायक प्रतिनिधि देवेन्द्र पटेल ने तत्काल अपने यहां की समस्या से नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे और सभापति राकेश जाधव को अवगत कराया। दोनों ने तत्काल जेसीबी भेजी तो स्वयं देवेन्द्र पटेल ने जेसीबी चालक के साथ जाकर नालियों में कचरे के रूप में फंसी बाधाएं हटवायीं।

वार्ड 22 के पंजाबी मोहल्ला क्षेत्र के निवासियों ने देवेन्द्र पटेल की इस तत्परता की तारीफ करते हुए कहा कि उनको इसी तरह के पार्षद की आवश्यकता है तो सूचना मिलते ही न सिर्फ मौके पर पहुंचे और तत्काल समस्या का समाधान निकलवाये। श्री पटेल ने बताया कि जिस वक्त घटना हुई वे विश्वनाथ चौराहे से चामुंडी चौराहे तक नाले की जेसीबी से सफाई करा रहे थे। उन्होंने तत्काल जेसीबी भेजने पर नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे और सभापति राकेश जाधव का आभार भी व्यक्त किया है।

# विधायक डॉ शर्मा के चुनावी शपथ पत्र के विरुद्ध याचिका हाईकोर्ट से निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी



नर्मदापुरम विधायक के विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए संपत्ति से जुड़ी जानकारी संबंधी जमा किए शपथ पत्र को हाईकोर्ट जबलपुर में चुनौती दी गई थी। यह शपथपत्र जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में जमा किया गया था। इस शपथपत्र को कांग्रेस कार्यकर्ता अमोल उपाध्याय ने चुनौती दी थी। हाईकोर्ट ने इस याचिका को खारिज कर दिया है। हाईकोर्ट जबलपुर के इस याचिका के खारिज करने संबंधी आदेश देने के बाद यह जानकारी पब्लिक डोमेन में आने के बाद से सोशल मीडिया पर इसे पुरजोर तरीके से प्रसारित करते हुए सत्य की जीत बताया जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ याचिकाकर्ता की तरफ से इस मामले में टिप्पणी करने से इनकार कर दिया गया। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में नर्मदापुरम विस सीट के लिए भाजपा से तत्कालीन प्रत्याशी और मौजूदा विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने फॉर्म जमा किया था। उन्होंने नियमानुसार संपत्ति की जानकारी संबंधी एक शपथपत्र भी दिया था। इस शपथपत्र को कांग्रेस कार्यकर्ता अमोल उपाध्याय ने चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। इस याचिका पर पिछले कुछ महीनों से सुनवाई चल रही थी। सुनवाई के बाद जबलपुर हाईकोर्ट ने कांग्रेस कार्यकर्ता अमोल उपाध्याय की याचिका को खारिज कर दिया है। इस मामले नर्मदापुरम विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता ने जो याचिका लगाई थी उसका कोई ठोस आधार ही नहीं था। हमें भी जानकारी मिली थी तो हमने अपने अधिवक्ता से इसकी जानकारी ली तो उन्होंने भी याचिका खारिज होने की पुष्टि की है। अभी ऑर्डर अपलोड नहीं हुआ है इसलिए हमने उसे पढ़ा भी नहीं है। ऑर्डर देखने के बाद आगे की सोचेंगे कि क्या करना है। वहीं याचिकाकर्ता अमोल उपाध्याय ने कहा कि उन्हें भी पता चला है कि याचिका खारिज की गई है। अभी तक हमने कोर्ट का ऑर्डर नहीं देखा है।

# लायंस क्लब का शपथग्रहण समारोह आयोजित किया गया




**पिपरिया।** लाइंस ऑफ पिपरिया के द्वारा शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन में किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता सिटी अध्यक्ष लाइन डॉक्टर के द्वारा की गई। नर्मदा अध्यक्ष लायन सीमा तोषनीवाल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एमसीने मनीष शाह , संस्थापन अधिकारी प्रथम लायन महेश मालवीय ,और कार्यक्रम के चेयरपर्सन अरविंद राय ,ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया।

राष्ट्रीय गीत उसके बाद अनिता सोनी ने ध्वज बंदना की उद्बोधन में अरविंद राय ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। उसके बाद अतिथियों का स्वागत शब्द एवं मोती की माला से किया गया अध्यक्ष ने अपने कार्यकाल में सहयोग हेतु सभी लायन साथियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि एम सी सी बन्ना पिपरिया के लिए गौरव की बात है। निरंतर आगे बढ़ाने की शुभकामनाएं दी गोपाल सिंह राज ने विगत वर्ष की सेवा गतिविधियों को सदन के समक्ष रखा वर्ष भर की उपलब्धियां को सदन में अवगत कराया लाइन उर्वशी सर ने 8 लियो साथियों को बल्लभ मल की उपस्थिति शपथ दिलाई। महेश मालवीय का परिचय दीपक पुरोहित के द्वारा कराया गया तथा उनके बारे में जानकारी दी गई फिर नवीन संचालक मंडल को शपथ दिलाई गई कोषाध्यक्ष मुकुंद सिरोहिया सह सचिव किरण मूंदड़ा सचिव मनोज ज्वार उपाध्यक्ष गोपाल सिंह राज ,नीलम पचौरी भूपेंद्र सिंह गिरिराज ,नरेश वर्मा ,और अंत में सिटी लायन मनोज नागोत्रा ममता नागोत्रा नर्मदा अध्यक्ष लोचन सागर प्रजापति वल्लभ मल को शपथ दिलाई गई तथा उन्हें प्रतीक गेबन भेंट किया। वक्ता में मनोज जवार मनीषशाह सीमा तोषनीवाल , मनोज नागोत्रा सेवा निवृत्त संस्था पन डाक्टर साहब को तोहफा भेंट किया गया। कार्यक्रम के दौरान पिपरिया के लायन एमजेएफ लायन सभी लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम संचालन प्रीतेश भार्गव उर्वशी शाह के द्वारा किया गया।

# नशा मुक्ति को लेकर कॉलेज के कार्यक्रम में पुलिस प्रशासन सहित तमाम लोग उपस्थित




**पिपरिया।** शहीद भगत सिंह कॉलेज में नशे से दूरी जरूरी विषय पर कार्यशाला का आयोजन स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ एवं मेहनत से छात्र इकाई के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मंगलवार थाना के प्रभारी गिरीश त्रिपाठी किशन उइके एस आई रोहित मशीह शिवम वर्मा पुलिस प्रशासन के तमाम अम्ल की उपस्थिति के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ प्राध्यापक डॉक्टर अशोक कुमार राकेशीय स्वागत उद्बोधन डॉक्टर एस के मेहरा नशा क्या है किन चीजों की लय लगती है इस बात को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें गिरीश त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को नशे से होने वाली बीमारियों पारिवारिक समस्याओं पर चर्चा की विद्यार्थियों को नशे और शराब से जुड़ी आदतों से दूर रहने की सुझाव दिए तथा उसके उपचार भी बताएं आभार प्रदर्शन डॉक्टर अनीता सेन के द्वारा किया गया कॉलेज प्रचार डॉ राजीव महेश्वरी के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का आयोजन किया।

# 'स्मार्ट नहीं, ओवर स्मार्ट मीटर से जनता की जेब पर डकैती'



**इटारसी।** शहर में बिजली के स्मार्ट मीटरों की स्थापना को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। इस योजना को लेकर ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में विरोध देखने को मिल रहा है। कांग्रेस नेता अमित कापरे ने स्मार्ट मीटर योजना को स्मार्ट भ्रष्टाचार करार दिया है।

यह स्मार्ट मीटर नहीं ओवर स्मार्ट मीटर है जो जनता की जेब पर सीधे डकैती डालने का काम करेगा। उन्होंने दावा किया कि मौजूदा इलेक्ट्रॉनिक मीटर पूरी तरह सही हैं, फिर भी उन्हें बदलकर स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया निजी कंपनियों को लाभ पहुंचाने के लिए शुरू की गई है। कापरे ने प्रेस नोट के माध्यम से कहा कि हमने इसका विरोध इसलिए किया क्योंकि यह पूरी प्रक्रिया पारदर्शी नहीं है। लोगों से पूछे बिना मीटर बदलना गलत है। स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली के बिल में बढ़ोतरी होगी। लोगों ने आशंका जताई कि नए मीटर से बिल अधिक आने का डर है, जबकि पुराने मीटर से ऐसा कोई अनुभव नहीं था।

# भारतीय जनता युवा मोर्चा, सिवनी मालवा ने वीर क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की 119वीं जयंती मनाई, युवाओं को राष्ट्र सेवा का संकल्प दिलाया

**सिवनी मालवा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) नगर मंडल, सिवनी मालवा ने आज बानापुरा स्थित अपने कार्यालय में भारत माता के महान सपूत और अद्वितीय वीर क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद जी की 119वीं जयंती को अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने आजाद जी के बलिदान, साहस और देश के प्रति उनके अटूट समर्पण को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।



कार्यक्रम की शुरुआत चंद्रशेखर आजाद जी के भव्य छायाचित्र पर मंडल के सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके पश्चात देशप्रेम के गीतों के बीच दीप प्रज्वलित कर उन्हें नमन किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजयुमो मंडल अध्यक्ष कल्लू राठौर ने चंद्रशेखर आजाद जी के जीवन और उनके संघर्षों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, ₹आजाद जी का जीवन हम सभी युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर हमें आजादी का मार्ग दिखाया। उनका 'आजाद ही रहा हूँ, आजाद ही रहूँगा' का संकल्प आज भी हमें राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करता है।₹ राठौर ने युवाओं से आजाद जी के आदर्शों पर चलते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। महामंत्री शिवम गौर ने आजाद जी की दूरदर्शिता और उनके रणनीतिक कौशल की सराहना करते हुए कहा कि उनके बलिदान ने स्वतंत्रता संग्राम में नई ऊर्जा दी।

उपाध्यक्ष शैलेन्द्र सुनानिया, अतुल बकोरिया, और हरिओम कोरी ने भी अपने विचार व्यक्त किए और युवाओं को चंद्रशेखर आजाद के शौर्य और त्याग से प्रेरणा लेने को कहा। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष सागर पाल, सह कोषाध्यक्ष सौरभ सोनी, नीति एवं शोध प्रभारी अमरेंद्र श्रोती, मीडिया प्रभारी नितिन कुशवाहा और सह मीडिया प्रभारी धीरज यादव सहित बड़ी संख्या में भाजयुमो के सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी ने देश के लिए मर मिटने वाले चंद्रशेखर आजाद के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की और राष्ट्र सेवा का संकल्प लिया।

## खबर संक्षेप



### संयुक्त कलेक्टर को राज्य स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता में छठा स्थान मिला

**खंडवा।** मध्य प्रदेश राइफल एसोसिएशन द्वारा 12वीं मध्य प्रदेश स्टेट एयर वेपन गन फॉर ग्लोरी शूटिंग प्रतियोगिता 16 से 23 जुलाई तक जबलपुर में आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में खंडवा की संयुक्त कलेक्टर निकिता मंडलोई ने 10 मीटर पीप साइट एयर राइफल कैटेगरी में हिस्सा लिया और प्रदेश में छठवीं रैंक हासिल की। अब निकिता मंडलोई नेशनल लेवल प्रतियोगिता में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए शामिल होंगी। उल्लेखनीय है कि निकिता मंडलोई पिछले एक वर्ष से खंडवा के विक्ट्री शूटिंग क्लब में कोच काशिफ लियाकत से ट्रेनिंग ले रही हैं। कलेक्टर ऋषव गुप्ता और जिला पंचायत के सीईओ नागार्जुन बी. गौडा ने निकिता मंडलोई को इस उपलब्धि के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

### 24 घंटों में जिले में 40.9 मिमी औसत वर्षा

**हरदा।** जिले में गत चौबीस घंटों में 40.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 35.1 मि.मी., टिमरनी में 45.2 मि.मी., खिरकिया में 25.4 मि.मी., सिराली में 45 मि.मी. तथा रहटगांव में 54.1 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 485.2 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 466.5 मि.मी., टिमरनी में 612.4 मि.मी., खिरकिया में 522.5 मि.मी., सिराली में 384.4 तथा रहटगांव में 440.3 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत वर्ष की 23 जुलाई तक 269.3 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी।

### उच्च शिक्षा हेल्थ व वेलनेस गतिविधियां कल

**हरदा।** उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एवं वेलनेस कार्यक्रम के तहत शुक्रवार कल 25 जुलाई को मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं स्क्रीनिंग गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह ने बताया कि 25 जुलाई को स्वामी विवेकानन्द महाविद्यालय हरदा में प्रातः 10.30 बजे से मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं स्क्रीनिंग गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान युवाओं को तंबाकू निषेध संबंधी शपथ दिलाई जाएगी। इसके अलावा कार्यक्रम में मानसिक स्वास्थ्य स्क्रीनिंग कार्य व मनहित मोबाइल एप टेली मानस 14416 तथा उमंग हेल्पलाइन नम्बर 14425 के संबंध में जानकारी प्रदान की जाएगी।

### खंडवा न्यायालय को इंदौर हाई कोर्ट से जोड़ने की मांग की करेंगी मोरे



**खंडवा।** पंधाना विधायक छाया मोरे ने विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान पहली बार खंडवा जिला न्यायालय को इंदौर हाई कोर्ट से जोड़ने का मुद्दा उठाने की तैयारी की है। प्रश्न क्रमांक 628 के तहत 29 जुलाई मुख्यमंत्री के सामने उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में इंदौर संभाग के अन्य जिले इंदौर हाई कोर्ट में आते हैं लेकिन खंडवा और बुरहानपुर ही जिला न्यायालय जबलपुर हाई कोर्ट क्षेत्र के अधिकार में आता है, जिसकी दूरी 477 किलोमीटर है, जबकि इंदौर हाई कोर्ट खंडपीठ की दूरी मात्र 130 किलोमीटर है। इस कारण पक्षकारों और आम नागरिकों को याचिका दायर करने व अन्य कानूनी कार्रवाई में समय और संसाधनों की भारी बर्बादी होती है। उन्होंने पूछा कि क्या विधि एवं विधायी कार्य विभाग द्वारा खंडवा जिला न्यायालय को इंदौर हाई कोर्ट से जोड़ने की कोई कार्य योजना है? पंधाना क्षेत्र की लोकप्रिय विधायक लगातार विकास कार्यों के लिए भोपाल के दौरे कर रही हैं और यह मुद्दा विधानसभा में उठाएंगी।

---

**श्रद्धालु लगभग 20 से 25 दिन में 1100 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर रुणिचा राजस्थान पहुंचेंगे**

# रामदेवरा के लिए निकला श्रद्धालुओं का जत्था, 1100 किमी पैदल यात्रा कर करेंगे दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव



ग्राम सहित आसपास के क्षेत्र से बुधवार को रामदेव बाबा दर्शन के लिए पैदल यात्रियों का जत्था निकाला इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे श्रद्धालु लगभग 20 से 25 दिनों में 1100 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर रुणिचा राजस्थान पहुंचेगे। यात्रा से पहले सभी ने संत गुरु कान्हा बाबा एवं रामदेव बाबा मंदिर में दर्शन कर आरती ली। बाबा रामदेव के जयकारे और ध्वजा लिए श्रद्धालु सुबह से ही जा रहे थे क्षेत्र से प्रतिवर्ष बड़ी तादाद में श्रद्धालु जाते हैं। पैदल जा रहे यात्रियों के लिए विभिन्न स्थानों पर स्वल्पाहार की व्यवस्था ग्रामीण द्वारा की गई थी सोडलपुर के अलावा मनियाखेड़ी के ग्रामीणों द्वारा भी श्रद्धालुओं के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई थी इसके अलावा अन्य कई जगह केला, नमकीन, मीठा ,फलियारी ,चाय पानी बोतल इत्यादि की व्यवस्था पैदल यात्रियों के लिए थी। पैदल यात्रियों का यह जत्था पहला विश्राम नेमावर में देगा इनके साथ कई लोग नेमावर तक भी गए हुए हैं। धनतलाव घाट पर रामदेव सेवा समिति सोडलपुर के तत्वाधान में जिले सहित आसपास के अन्य क्षेत्र से पैदल रामदेवरा जा रहे यात्रियों के लिए तीन दिवसीय भोजन भंडारा आज से चलेगा यह व्यवस्था प्रतिवर्ष रहती है यह आयोजन 24, 25 और 26 जुलाई को चलेगा जिसमें ग्राम सोडलपुर से रामदेव बाबा भक्त मंडल युवा सहित क्षेत्रवासी अपना भरपूर सहयोग देते हैं।

---

**आरोपी से 2 किलो चांदी के जेवर जब्त किए गए**

# एक सप्ताह पहले हुई चोरी का खुलासा आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार





हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव/हरदा

रहटगांव थाना क्षेत्र में बीते 14-15 जुलाई की रात गणेश चौक स्थित बालाजी ज्वेलर्स की दुकान में हुई चोरी का बुधवार को पुलिस ने खुलासा किया। आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी किए गए करीब 2 किलो जेवरात बरामद कर लिए गए हैं। दुकान संचालक अनिल सोनी की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। जांच के दौरान आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में एक संदिग्ध युवक रात के समय दुकान के आसपास घूमता नजर आया। मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस ने जमवाड़ी निवासी अनिकेत (22) पिता नानकराम परते को पकड़ा। पूछताछ में उसने चोरी कबूल की। पुलिस के अनुसार आरोपी दुकान के पीछे पेड़ पर चढ़ा और छत पर लगे टीन हटाकर अंदर घुसा। वहां से करीब 2 किलो सोने–चांदी के जेवर चुराए और उन्हें अपने घर में भूसे के ढेर में छिपा दिया था। पुलिस ने गहनों को जब्त कर लिया है। पुलिस जांच में पता चला कि आरोपी ने हाल ही में एक पिकअप वाहन खरीदा था, जिसकी चार किश्तें ही वह भर पाया था। पिता की शराब की लत और पैसों की तंगी के चलते उसने चोरी की योजना बनाई। आरोपी के खिलाफ पहले भी मारपीट का मामला दर्ज है।

### शत प्रतिशत वसूली

एसपी अभिनव चौकसे ने बताया कि ज्वेलर्स की दुकान से आरोपी ने करीब 90 हजार रुपए मूल्य के सवा किलो वजन के गहने चुराए थे। जिसकी आरोपी से शत प्रतिशत रिकवरी की गई है। इसके पहले भी रहटगांव थाना क्षेत्र में एक ट्रक से हुई ग्यारह लाख की चोरी में भी पुलिस ने हंड्रेड परसेंट रिकवरी की थी। आरोपी को पकड़ने में टीआई मानवेंद्र सिंह भदौरिया, एसआई संतोष बामने,हेडकांस्टेबल अजय तिवारी,देवेंद्र राव,आरक्षक ब्रजेश चौहान, ललिता सुरागे, रविन्द्र गौतम एवं सैनिक मांगीलाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### मजदूरी करने वाले परिवार से खेत मालिक ने की धोखाधड़ी

जिले के सिराली थाना क्षेत्र के महेंद्रगांव में एक किसान ने मजदूरी करने वाली आदिवासी महिला सुनीता बाई काजले से 4 लाख रुपए की धोखाधड़ी की। बेटी की मौत के बाद संबल योजना के तहत मिली सहायता राशि को एफडी कराने के बहाने किसान भगवानदास पाल और उसकी पत्नी ने हड़प लिया। गेनाढाना गांव की सुनीता बाई अपनी बेटी सलिता की मार्च में नदी में डूबने से हुई मौत के बाद गहरे सदमे में थी। संबल योजना के तहत सरकार ने पीड़िता को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी थी। सुनीता और उसका परिवार किसान भगवानदास पाल के यहां मजदूरी करता था। पैसे की जानकारी मिलने के बाद भगवानदास और उसकी पत्नी राजकुमारी सुनीता को एफडी कराने के बहाने बैंक ले गए। अनपढ़ सुनीता को कुछ समझ में नहीं आया और उसने दस्तावेजों पर अंगूठा लगा दिया।

### बाद में चला पता

3 जून 2022 को खाते में पैसा आते ही भगवानदास ने उसमें से 3 लाख रुपए अपने खाते में ट्रांसफर करवा लिए और 1 लाख रुपए नगद रख लिए। कुछ महीनों बाद जब सुनीता बैंक पहुंची तो उसे जानकारी मिली कि पूरा पैसा निकाल लिया गया है। पीड़िता की शिकायत पर सिविल लाइन थाने में भगवानदास पाल के खिलाफ **IPC** की धारा 406 (अमानत में खयानत) और 420 (धोखाधड़ी) के तहत मामला दर्ज किया गया है। एसडीएम खिरकिया अशोक डेहरिया ने जांच कर कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

---

**उपज अमानक है तो अवगत कराएं**

# कलेक्टर-एसपी ने वेयर हाउस व जोगा के किला का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन एवं एसपी अभिनव चौकसे ने बुधवार को ग्राम खेड़ा स्थित वेयरहाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री जैन ने निर्देश दिए गए कि यदि किसी किसान की उपज अमानक स्तर की है तो उसे तत्काल अवगत कराएं तथा उसका वीडियो अनिवार्य रूप से बनाए एवं रिकॉर्ड में रखें। उन्होंने वेयरहाउस प्रबंधक को निर्देश दिया कि अनाज खरीदी के समय सभी का वीडियो अनिवार्य रूप से बनाएं। निरीक्षण के दौरान जिला विपण अधिकारी योगेश मालवीय, उप संचालक कृषि जे.एल. कास्दे, सहायक आयुक्त सहकारिता वासुदेव भदोरिया, एसडीएम कुमार शानु देवड़िया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

बुधवार को ग्राम जोगा पहुँचकर वहां के तटीय क्षेत्र का निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री जैन ने इस दौरान वहां उपस्थित एसडीईआरएफ की टीम के जवानों से चर्चा की। इस दौरान पुलिस अधीक्षक चौकसे ने सभी जवानों से सजग और एक्टीव रहने के लिये कहा। उन्होने सभी से अपने मोबाइल एक्टीव रखने के लिये भी कहा। उन्होने कहा कि किसी भी प्रकार की सूचना मिलने पर तत्काल संबंधित क्षेत्र में पहुँच कर अपनी सेवाएं दें। कलेक्टर श्री जैन ने पुलिस अधीक्षक श्री चौकसे के साथ जोगा में किले का अवलोकन किया। उन्होने इस दौरान किले में सुरक्षा व्यवस्था तथा पर्यटन विकास के लिये संभावनाओं को देखा। उन्होने कहा कि जिला पर्यटन परिषद के माध्यम से जोगा के किले को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा।

---

**अगस्त में सभी तहसीलों के प्रशिक्षण वर्ग आयोजित होंगे**

# हरियाली अमावस्या से भाकिसंघ करेगा पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



भारतीय किसान संघ की मासिक बैठक बलराम सभागृह कृषि ऊपज मंडी में जिला मंत्री विजय मलगाया के नेतृत्व में आयोजित की गई,जिसमें निम्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। हरियाली अमावस्या से सभी छः तहसीलों में वृक्षारोपण कार्य शुरू किया जाएगा। अगस्त माह की 3 तारीख से सभी तहसीलों के कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किए जाएंगे। साथ ही वर्तमान समय में यूरिया एवं डी ए पी की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा में सोसाइटियों के माध्यम से कराई जाए जिससे किसानों को सुविधा हो सके। मूंग खरीदी हेतु पर्याप्त बारदाने की उपलब्धता कराई जाए, एवं अमानक मूंग किसानों के द्वारा नहीं बेची जाती है,ये खेल प्रशासन जानता है। कैसे होता है इस पर निगरानी रख कर पारदर्शिता से मूंग खरीदी की जाए,किसानों को बदनाम न किया जाए। इस प्रकार ओर अन्य संगठनात्मक विषयों पर चर्चा एवं पूर्व विषयों की समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य रूप से संभागीय सह मंत्री रामकृष्ण मुकाती संभागीय सदस्य ब्रजमोहन राठौर, जिला मंत्री विजय मलगाया,जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र बांके,लोकेश गौर,श्याम पाटिल,दीपचंद नवाद,बालकदास छापरे, आनंद पटेल,पवन गौर,अरुण पटवारे ,राजेश डूडी,दीपक पटेल,रविशंकर दोगने,संजय खोदरे मौजूद रहे।

---

**शिक्षा का दान सुनहरे भविष्य को संवारता है**

# लायंस क्लब हरदा सिटी ने दी बेटियों की फीस

**हरदा।** रक्तदान जीवन बचाता है तो शिक्षा का दान सुनहरे भविष्य को संवारता है यह बात क्लब अध्यक्ष अंजू भायरे ने स्कूल में पढ़ने वाली बेटियों के फीस जमा करने के दौरान कही। क्लब सचिव शीनू बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि पीड़ति मानवता की सेवा ही ईश्वर की आराधना है। इसी उद्देश्य के अनुरूप क्लब सेवा कार्यों हेतु सदैव तत्पर रहता है। हरदा की तीन ऐसी बालिकाएं जिनके पालकों की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण स्कूल फीस नहीं हो पा रही थी और बेटियां पढ़ना चाह रही थी। इस बात की जानकारी क्लब अध्यक्ष को लगी तो उन्होंने स्वयं एवं सहयोगी रीजन चेयरपर्सन डॉ. शिरीष अग्रवाल, सुमन राठी, नेहा अग्रवाल और राम नेमा के सहयोग से राशि एकत्रित कर तीन बेटियों की 1 साल की फीस सनफ्लावर स्कूल में जमा की एवं रसीद प्राचार्य को सौंपी। क्लब द्वारा किए गए सेवा कार्य की स्कूल प्रिंसिपल एवं अन्य स्टाफ द्वारा सराहना की गई। इस दौरान क्लब की कोषाध्यक्ष सुनीता बगरे, जोन पर्सन शुभम बंसल सहित क्लब सदस्य एवं स्कूल स्टाफ उपस्थित रहें।



---

**पुलिस आई एक्शन में**

# अवैध शराब, यातायात उल्लंघन व जुआ, सट्टा पर कार्रवाई की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु 22 जुलाई को खंडवा पुलिस द्वारा सघन कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय के निर्देशन में कुल 30 गिरफ्तारी वारंट, 1 स्थाई वारंट, 49 जमानती वारंट और 60 समन जिले के विभिन्न थानों द्वारा तामील किए गए। अवैध शराब विक्रेताओं के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए थाना पिपलोद से मनोज, दुकलाल उर्फ दुलिया और राजकुमार के कब्जे से क्रमशः 10-10 लीटर कच्ची महुआ शराब (कीमत 1500-1500 रुपये) जप्त की गई। थाना मूँदी क्षेत्र में शिवशंकर के पास से 8 लीटर (कीमत 640 रुपये) और थाना धनगांव क्षेत्र में सुखलाल के पास से 14 लीटर शराब (कीमत 1400 रुपये) बरामद की गई। सभी के विरुद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। जुआ एक्ट के तहत थाना पदमनगर और खंडवा क्षेत्र से कुल 10 आरोपी पकड़े गए। इनमें जाफर, खलीद खां, शाकीर, बिलाल, जफर, मोसिन, रिजवान और राजा शामिल हैं। आरोपियों के कब्जे से कुल 3050 रुपये नगद और ताश की गड्डियां जप्त की गईं। सभी के विरुद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। सट्टा एक्ट के तहत थाना धनगांव क्षेत्र के अखिलेश के पास से सट्टा उपकरण और 1035 रुपये नकद जप्त किए गए। आरोपी पर

### यातायात नियमों के उल्लंघन पर सख्ती

जिले में यातायात नियमों के उल्लंघन पर भी सख्ती बरती गई। 38 वाहन चालकों पर बिना नंबर प्लेट, तीन सवारी, बिना हेलमेट, सीट बेल्ट न लगाने जैसे मामलों में एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 15700 रुपये समन शुल्क वसूला गया। उप पुलिस अधीक्षक यातायात ने नागरिकों से नियमों का पालन करने की अपील की है। असामाजिक तत्वों पर भी सख्त कार्यवाही की गई। जिले में कुल 23 आरोपियों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए धारा 126/135 इठरर के तहत 9 प्रकरणों में 11, धारा 170के तहत 8 प्रकरणों में 12 अनावेदकों पर कार्रवाई हुई। साथ ही 6 आरोपियों पर बाउंड ओवर की कार्रवाई की गई। खंडवा पुलिस द्वारा की गई यह व्यापक कार्रवाई जिले में अपराधों की रोकथाम और नागरिकों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

---

# विधायक झुमा सोलंकी ने आश्रमों, छात्रावासों का किया निरीक्षण



झिरन्या। पिछले दिनों आभापुरी में छात्राओं के पैदल-मार्च की दो घटनाओं के बाद विधायक झुमा सोलंकी आभापुरी और झिरन्या पहुंची। वहां उन्होंने आश्रमों एवं छात्रावासों की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। वे सर्वप्रथम कस्तूरबा गाँधी बालिका आश्रम और बालिका छात्रावास पहुंची थी और वहां की छात्राओं से उनकी समस्याओं के सम्बन्ध में चर्चा की। इसके बाद वे झिरन्या पहुंचकर छात्र-छात्राओं से रूबरू होकर उनके भी हाल-चाल जाने। उन्होंने सुभाष चंद्र बॉस आवसीय बालिका छात्रावास, सामुदायिक कल्याण केंद्र, सीनियर आदिवासी कन्या छात्रावास, शासकीय आदिवासी अंग्रेजी बालक आश्रम, शा.सीनियर बालक आदिवासी उत्कृष्ट छात्रावास,कस्तूरबा गाँधी बालिका आश्रम का भी निरीक्षण किया। आपने नाश्ता,भोजन,साफ सफाई, लाइट,पंखे आदि व्यवस्थाओं को देखा। साथ ही छात्र-छात्राओं की समस्याएं सुनी और उनके निराकरण का आश्वासन दिया।

---

# सहकारी समितियों के संचालक मंडल के चुनाव रजिस्ट्रीकरण व अपीलीय अधिकारी नियुक्त

खंडवा। मध्य प्रदेश राज्य सहकारी निर्वाचन पदाधिकारी एमबी ओझा ने निमाड़ प्याज उत्पादन एवं क्रय विक्रय सहकारी समिति मर्यादित खारकला के संचालक मंडल के निर्वाचन के लिए सदस्यता सूची को अंतिम रूप देने के उद्देश्य से सहकारिता निरीक्षक अमित अलावे को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया है। रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के विनिश्चय के विरुद्ध अपील प्राप्त करने एवं निर्धारित समयावधि में उसका निराकरण करने के लिए उपायुक्त सहकारिता जिला खंडवा को अपीलीय अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार प्रेरणा महिला प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भंडार मर्यादित खंडवा के संचालक मंडल के निर्वाचन हेतु सदस्यता सूची को अंतिम रूप देने के लिए वरिष्ठ सहकारिता निरीक्षक भागवती मोरे को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है।

---

**योग तपस्या भट्टी का उद्घाटन, दो दिवसीय आध्यात्मिक साधना आरंभ**

# राजयोग साधना से आत्मबल व सकारात्मक ऊर्जा प्राप्ति पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा




प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय खंडवा द्वारा आत्मिक कल्याण एवं आध्यात्मिक उन्नति के उद्देश्य से दो दिवसीय योग तपस्या भट्टी का आयोजन 23 एवं 24 जुलाई को आनंद परिसर, आनंद नगर में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रातः 8 बजे माउंट आबू राजस्थान से पधारे वरिष्ठ राजयोगी शिक्षक ब्रह्माकुमार सूरज, राजयोगी शिक्षिका बीके गीता और सुप्रसिद्ध टीवी एंकर बीके रूपेश द्वारा किया गया। उद्घाटन सत्र की शुरुआत अतिथियों के स्वागत के साथ हुई, जिसमें ब्रह्माकुमारी बहनों ने अतिथियों का तिलक, दुपट्टा एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मान किया। इसके बाद स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया और दीप प्रज्वलन के साथ योग तपस्या भट्टी का विधिवत शुभारंभ किया गया। ब्रह्माकुमार सूरज ने अपने वक्तव्य में कहा कि वर्तमान कलियुगी वातावरण में व्यर्थ चिंतन और नकारात्मकता से दूर रहना अत्यंत आवश्यक है। राजयोग अभ्यास के माध्यम से परमात्मा को याद करने से साधक को परमात्म बल एवं शक्ति प्राप्त होती है, जिससे न केवल स्वयं की, बल्कि संपर्क में आने वाली आत्माओं की भी ऊर्जा सकारात्मक बनती है। विपरीत परिस्थितियों में परमात्म मदद और प्राप्ति का अनुभव हमें ईश्वर के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए प्रेरित करता है।

### तपस्या भट्टी आध्यात्मिक यात्रा को नई दिशा देगी

राजयोगी शिक्षिका बीके गीता और बीके रूपेश ने भी उपस्थित साधकों को अपने अनुभवों से मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर खंडवा जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी वानखेड़े भी उपस्थित रहीं और सभी को शुभकामनाएं दीं। संस्था प्रभारी बीके शक्ति ने कहा कि माउंट आबू से आई महान विभूतियों का आगमन सभी साधकों के लिए अत्यंत सौभाग्य की बात है। दो दिनों तक चलने वाली यह योग तपस्या भट्टी साधकों की आध्यात्मिक यात्रा को नई दिशा देगी। कार्यक्रम का संचालन बीके संतोष दीदी द्वारा किया गया। इस अवसर पर बीके सुरेखा, बीके श्यामा, बीके सुशीला, बीके किरण, बीके आरती सहित खंडवा जिले के अनेक ब्रह्मावत्स उपस्थित रहे।